**NEWS CLIPPING: 23.06.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# वाईएमसीए इंजीनियर्स ने स्मार्ट रेफ्रीजरेटर बनाकर जीता 'इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड'

**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सात सदस्यीय इंजीनियर्स टीम ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) प्रौद्योगिकी पर आधारित स्मार्ट रेफ्रीजरेटर बनाकर 'इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड' जीता है। डेनफोस इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय टीम ने अंडर ग्रेजुएट कैटेगिरी में 75 हजार रुपए का पुरस्कार हासिल किया। यह पुरस्कार चेन्नई में एक पुरस्कार समारोह में विश्वविद्यालय टीम दिया गया। यह टीम की ओर से अक्षय अग्रवाल ने प्राप्त किया। बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग पुरस्कार विजेता टीम के अन्य सदस्यों में अमित सिंह, अमित तुरान, अर्चित गुप्ता, अंकुश कश्यप, अजय खरबश तथा गुरवीर सिंह शामिल हैं। वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है और विश्वविद्यालय प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग देगा। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज तथा कुल सचिव डॉ. एस. के. शर्मा ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता



वाईएमसीए के इंजीनियर को इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड मिलने पर पुरुस्कृत करते विवि के कुलपति व अन्य।

पर बधाई दी। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रोफेसर डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि डेनफोस द्वारा शुरू किया गया 'इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड' एक प्रकार की इंटर-कॉलेज प्रतियोगिता है। इसमें इंजीनियरिंग के अंडर-ग्रेजुएट व पोस्ट-ग्रेजुएट पाठ्यक्रम के विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं। प्रतियोगिता जलवायु तथा ऊर्जा के क्षेत्र में भविष्य की प्रौद्योगिकी के लिए समाधान देने वाले इनोवेशंस को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है।

**NEWS CLIPPING: 23.06.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# विद्यार्थियों ने जीता 'इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड'



डेनफोस के पदाधिकारियों से पुरस्कार प्राप्त करते विजेता टीम का सदस्य अक्षय अग्रवाल तथा डॉ. अरविंद गुप्ता। जागरण

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों की सात सदस्यीय टीम ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) प्रौद्योगिकी पर आधारित स्मार्ट रेफ्रीजरेटर बनाकर 'इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड' जीता है। डेनफोस इंडिया की ओर से चेन्नई में आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय टीम को अंडर ग्रेजुएट कैटेगिरी में 75 हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिला। चेन्नई में आयोजित पुरस्कार समारोह में विश्वविद्यालय टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें टीम की ओर से टीम के सदस्य अक्षय अग्रवाल ने प्राप्त किया। विजेता टीम के अन्य सदस्यों में अमित सिंह, अमित तुरान, अर्चित गुप्ता, अंकुश कश्यप, अजय खरवश तथा गुरवीर सिंह शामिल हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विजेता टीम को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

**NEWS CLIPPING: 23.06.2017**

**HINDUSTAN**

# छात्रों ने स्मार्ट रेफ्रीजरेटर बनाया

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग के सात सदस्यीय टीम के छात्रों ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) प्रौद्योगिकी पर आधारित स्मार्ट रेफ्रीजरेटर बनाया है। जिसे स्मार्ट फोन के माध्यम से कई चीजों को चलाया जा सका है। इसके लिए वाईएमसीए को डेनफोस इंडिया की ओर से 75 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। यह जानकारी कॉलेज के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी।

प्रो. दिनेश कुमार ने इसकी अध्यक्षता टीम के सदस्य अक्षय अग्रवाल ने की। इनके अलावा टीम में अमित सिंह, अमित तुरान, अर्चित गुप्ता, अंकुश कश्यप, अजय खरबश तथा गुरवीर सिंह शामिल थे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रोफेसर डॉ.

## प्रोजेक्ट

- वाईएमसीए को डेनफोस इंडिया की ओर से पहला पुरस्कार मिला
- इसमें आद्रता, तापमान और खाद्य पदार्थों का पता लगाने जैसे फीचर

अरविंद गुप्ता ने जानकारी देते हुए यहां बताया कि वर्ष 2016-17 के छात्रों ने प्रोजेक्ट तैयार कर जमा कराया था। इसमें चार कॉलेजों के छात्रों ने हिस्सा लिया था। इनमें से बेहतर प्रोजेक्ट फरीदाबाद वाईएमएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों का चुना गया है।

इसमें अंडर-ग्रेजुएट व पोस्ट-ग्रेजुएट पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इसमें जलवायु तथा ऊर्जा के क्षेत्र में भविष्य की प्रौद्योगिकी के लिए समाधान देने वाले खोज को ध्यान में रखते हुए, प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। डॉ.अरविंद गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक ऐसा स्मार्ट रेफ्रीजरेटर तैयार किया है। जिसमें आद्रता, तापमान और खाद्य पदार्थों का पता लगाने जैसे फीचर हैं और ये सभी उपयोगी जानकारियां उपयोगकर्ता के स्मार्ट फोन पर प्रदर्शित होती हैं। इससे उपयोगकर्ता को काफी लाभ होगा।

इसके साथ ही इसे स्मार्ट फोन से ही कुछ फीचर्स को नियंत्रित भी किया जा सकता है। जिसमें पावर सप्लाई, वाटर व आइस डिस्पेंसिंग वॉल्व और रेफ्रीजरेटर की एमरजेंसी लाइट शामिल हैं।

विजेता छात्रों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज, कुल सचिव डॉ. एसके शर्मा ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING: 23.06.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए के छात्रों ने जीता 'प्रोजेक्ट अवार्ड'

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी) : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों की सात सदस्यीय टीम ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स आईओटी प्रौद्योगिकी पर आधारित स्मार्ट रेफ्रीजरेटर बनाकर इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड जीता है। डेनफोस इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय टीम ने अंडर ग्रेजुएट कैटेगिरी में 75 हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। चेन्नई में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में विश्वविद्यालय टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें टीम की ओर से टीम के सदस्य अक्षय अग्रवाल ने प्राप्त किया। बी टैक मैकेनिकल इंजीनियरिंग विद्यार्थियों की पुरस्कार विजेता टीम के अन्य सदस्यों में अमित



सिंह, अमित तुरान, अर्चित गुप्ता, अंकुश कश्यप, अजय खरबश तथा गुरवीर सिंह शामिल हैं। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विजेता टीम को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है तथा प्रोजेक्ट से जुड़े विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ तिलक राज तथा कुल सचिव डॉ एस के शर्मा ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी है। प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रोफेसर डॉ अरविंद गुप्ता, जिसकी देखरेख में विद्यार्थियों द्वारा प्रोजेक्ट किया गया, ने बताया कि डेनफोस द्वारा शुरू किया गया इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड एक प्रकार की इंटर.कालेज प्रतियोगिता है।

**NEWS CLIPPING: 23.06.2017**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए के छात्रों को सम्मान



फरीदाबाद। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स प्रौद्योगिकी पर आधारित एक स्मार्ट रेफ्रीजरेटर बनाया है। जिसके लिए उन्हें चेन्नई में आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। सम्मान में उन्हें 75 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।सात सदस्यीय टीम में अमित सिंह, अमित तुरान, अर्चित गुप्ता, अंकुश कश्यप, अजय खरबश तथा गुरवीर सिंह शामिल रहे। ब्यूरो